हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

10 प्रधानमंत्री मोदी की जींद रैली का फतेहाबाद में होगा लाइव प्रसारण



10 डॉ. सिवाच ने जोखिमभरी सर्जरी कर बुजुर्ग को दिया नया जीवन



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सप्लायर सर्वजीत उर्फ काकू गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर टोहाना पुलिस ने हेरोइन सप्लायर को काबू किया है। आरोपी की पहचान गांव नन्हेड़ी निवासी सर्वजीत उर्फ काकू पुत्र रोशन लाल के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी कुलां द्वारा दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले की गहनता से जांच की जा रही थी। इस जांच के दौरान आरोपी सर्वजीत उर्फ काकू की संलिप्तता के पुख्ता सबूत सामने आए।

### सवा किलो गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** सीआईए रतिया पुलिस टीम ने गांजा तस्करी के मामले का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक किलो 209 ग्राम गांजे और तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे एक ई-रिक्शा सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में इस रैकेट का मुख्य सप्लायर भी शामिल है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम को क्षेत्र में गांजा तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी किया गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने कार सवार लोगों से 10 पेटी अवैध शराब बरामद की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर पुलिस ने शराब तस्करी के नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान जीवन सिंह चौक सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी।

### कांग्रेस विधायक का एजेंडा मंजूर, उद्घाटन पट्टिका पर नाम को लेकर पार्षद-चेयरपर्सन में नोकझोंक

# जिला परिषद बैठक में न पहुंचने पर चार विभागाध्यक्षों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला परिषद की सामान्य बैठक वीरवार को कई अहम फैसलों, अधिकारियों की जवाबदेही और जनप्रतिनिधियों के तीखे तेवरों के बीच संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने की। बैठक शुरू होते ही चार विभागों के विभागाध्यक्षों की गैरमौजूदगी पर चेयरपर्सन ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला परिषद की बैठकें केवल औपचारिकता नहीं हैं और विभागाध्यक्ष स्वयं उपस्थित होकर जनप्रतिनिधियों के सवालों का जवाब दें। गैरहाजिर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने और उनके अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। बैठक में आए जूनियर अधिकारियों को भी चेयरपर्सन ने बैठक छोडक़र बाहर जाने के निर्देश दिए। बैठक में विकास कार्यों की गुणवत्ता, घटिया निर्माण, अधूरे प्रोजेक्ट, ग्रामीण सुविधाओं, पेयजल, स्वास्थ्य, स्ट्रीट लाइट और पंचायत स्तर के कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

**जूनियर अफसरों को बैठक से बाहर भेजा, लापरवाह ठेकेदारों पर एफआईआर का प्रस्ताव**





**फतेहाबाद।** जिला परिषद बैठक की अध्यक्षता करते चेयरपर्सन सुमन खीचड़ व जिला परिषद बैठक में अपनी बात रखते पार्षद गौरव शर्मा। *फोटो: हरिभूमि*

### उद्घाटन पट्टिका पर नाम नहीं होने को

बैठक के अंतिम चरण में वार्ड नंबर एक के पार्षद राकेश चोयल ने उद्घाटन पट्टिकाओं पर उनका नाम नहीं लिखे जाने का मुद्दा उठाया। इस पर चेयरपर्सन ने कहा कि सबसे अधिक विकास कार्य उनके वार्ड में हुए हैं और जहां उनका नाम था, वहां वे स्वयं नहीं पहुंचे। इस पर राकेश चोयल भडक़ गए और कहा कि बेमतलब की बातें मत करें, झूठ क्यों बोल रहे हो। अगर कहीं मेरा नाम लिखा मिल गया तो मैं 11 लाख रुपए गोशाला में देने को तैयार हूं। इस दौरान दोनों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।

### आंधी में उड़ गए पांच-पांच लाख के शेड, जांच के आदेश

जिला परिषद की वाइस चेयरपर्सन कैलाशो देवी ने बैठक में कहा कि उनके वार्ड के गांवों में करीब पांच-पांच लाख रुपए खर्च कर लगाए गए तीन शेड हाल ही में आई आंधी में उड़ गए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जब पांच लाख के शेड ढाई लाख में लगेंगे तो उड़ेंगे ही। इस पर सीईओ सुरेश कुमार ने पंचायती राज विभाग के एक्सईएन देवेंद्र सिंह को पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। बैठक की शुरुआत में वार्ड नंबर-7 के पार्षद बंटी गढ़वाल ने आरोप लगाया कि उन्हें बैठक की सूचना नहीं दी गई। इस पर सीईओ सुरेश कुमार ने बताया कि सूचना व्हाट्सएप ग्रुप में भेजी गई थी।

### गांवों में लगेंगी महापुरुषों की प्रतिमाएं

बैठक में रतिया विधायक जरनैल सिंह भी कुछ समय के लिए मौजूद रहे। फतेहाबाद के कांग्रेस विधायक बलवान दौलतपुरिया द्वारा पहले उठाए गए महापुरुषों और महान नेताओं की प्रतिमाएं लगाने के एजेंडे को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। निर्णय लिया गया कि गांवों में उपयुक्त स्थान उपलब्ध होने पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी देवीलाल, चौधरी बंसीलाल और चौधरी भजनलाल की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

### विभागाध्यक्षों को नोटिस जारी करने के निर्देश

बैठक में डीईटीसी मोहम्मद शफीक, जनस्वास्थ्य विभाग के एक्सईएन बीएस नैन, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौन और जिला बागवानी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अनुपस्थित रहे। उनकी जगह जूनियर अधिकारियों को भेजा गया था। इस पर चेयरपर्सन ने नाराजगी जताते हुए सभी विभागाध्यक्षों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा उनके एसीएस को भी पत्र लिखने के निर्देश मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को दिए। उन्होंने कहा कि भविष्य में केवल कनिष्ठ अधिकारियों को भेजकर खानापूर्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदारों पर एफआईआर का प्रस्ताव

बैठक में गांवों में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी गंभीर चिंता जताई गई। चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने कहा कि कई जगह घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है और तय समय में काम पूरे नहीं हो रहे। उन्होंने ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा जरूरत पडऩे पर एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव रखा, ताकि सरकारी धन की बर्बादी और लापरवाही पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### जिला परिषद के खाते में ब्याज के 1.31 करोड़ रुपये

बैठक में बताया कि जिप के विभिन्न फंडों की राशि बैंक में जमा रहने से अब तक 1 करोड़ 31 लाख से अधिक ब्याज प्राप्त हो चुका है। सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि इस ब्याज की राशि भी जिले के विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। चेयरपर्सन सुमन खीचड़ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि आगे से जिला परिषद की बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों और विकास कार्यों में लापरवाही या अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**सिरसा।** अवैध पेयजल कनेक्शनधारी को नोटिस देते विभागीय कर्मचारी।

## अवैध डबल पेयजल कनेक्शन धारकों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ ऐलनाबाद

गर्मी के दौरान पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और पानी की बर्बादी रोकने के उद्देश्य से जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने ऐलनाबाद खंड के गांव पट्टी कृपाल में बुधवार को विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभाग की टीम ने घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शनों की जांच की तथा अवैध जल उपयोग पर कार्रवाई की। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर (बीआरसी) हरि सिंह भिड़ासरा ने बताया कि जांच के दौरान जिन घरों और सर्विस स्टेशनों पर अवैध डबल कनेक्शन पाए गए, उन्हें मौके पर ही नोटिस जारी किए गए। उन्होंने कहा कि पेयजल का दुरुपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य प्रत्येक उपभोक्ता तक पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध कराना तथा जल की अनावश्यक बर्बादी को रोकना है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पानी की प्रत्येक बूंद अमूल्य है, इसलिए सभी नागरिक पेयजल का सोच-समझकर उपयोग करें। उन्होंने लोगों से नलों पर कैप लगाने, अनावश्यक रूप से पानी बहने से रोकने तथा जल संरक्षण के उपाय अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक जिम्मेदारी के साथ पानी का उपयोग करेंगे तो गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति से काफी हद तक बचा जा सकता है।

## पराली से भरे ट्रॉले में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**डबवाली।** उपमंडल के गांव सांवतखेड़ा गांव के पास मसीतां रोड पर बुधवार रात पराली से भरे एक ट्रॉले में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा ट्रॉला लपटों की चपेट में आ गया और दूर तक धुएं का गुबार छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ड्राइवर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए ट्रॉले के जलते हिस्से को इंजन से अलग कर दिया। इस कार्रवाई से उसकी जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और ट्यूबवेल की पाइपलाइन की सहायता से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हादसे के तुरंत बाद डायल-112 पर कई बार कॉल की गई, लेकिन नंबर लगातार व्यस्त आता रहा। इस कारण समय पर आपातकालीन सहायता नहीं मिल पाई। बाद में सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।



Talk to our jewellery expert to know more 1800 2966 677 Buy online at tanishq.co.in or Download our App *Conditions apply, For T&C visit our website.
नया शोरूम :- तनिष्क, बस स्टैंड के पास, हिसार रोड, सिरसा, टेली. : 86077 80000



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'


बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली,'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।




'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

**अनुवादः सेतु अंताणी**



• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।

- संगीता, बिलासपुर

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?

- उमेश, जबलपुर

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।

- कविता, दुर्ग

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए

**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

## बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल






बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशनः** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदेः** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिकाः** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरीः** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है।




सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *

**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिकाः** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्यः** 135 रुपए, **प्रकाशकः** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**अगमजोत, कोंडागांव**



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले को थाना भुना पुलिस ने महज 48 घंटों के भीतर सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में गांव कुलां निवासी रविंद्र उर्फ रवि पुत्र भाले राम को काबू किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। थाना भूना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र ने बताया कि थाना उकलाना के अंतर्गत आने वाले गांव भेरी अकबरपुर निवासी रोबिन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह अपनी मोटरसाइकिल सरकारी अस्पताल भूना के सामने स्थित लाइफ केयर क्लीनिक वाली गली में खड़ी करके किसी काम से गया था, जिसे कोई अज्ञात चोर उड़ा ले गया।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने वाला आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में थाना भट्टू कलां पुलिस ने वांछित आरोपी को पंजाब के बठिंडा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुरेश कुमार उर्फ विक्की पुत्र भरत सिंह, निवासी गांव बुग्गी निहाल सिंह, बठिंडा के रूप में हुई है। राहत की बात यह है कि पुलिस मुस्तैदी दिखाते हुए पीड़िता को पहले ही सकुशल बरामद कर चुकी है। थाना भट्टू कलां के प्रभारी निरीक्षक रणधीर ने बताया कि इस संबंध में पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने 8 मई को आरोपी सुरेश उर्फ विक्की के खिलाफ थाना भट्टू कलां में अपहरण का मामला दर्ज किया था।

### डीडीपीओ ने समाधान शिवर में सुनीं समस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की शिकायतें सुनी और विभागों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। आयोजित समाधान शिविर में कुल 15 शिकायतें आई। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने अधिकारियों से कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों के प्रति संबंधित विभाग जवाबदेह है और समयबद्ध ढंग से समस्या का निराकरण किया जाना चाहिए। समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति शिकायत दें, तो उसे यह भी बताया जाए कि उसकी शिकायत किस विभाग के पास जा रही है।

### एमएसएमई मंत्रालय देगा आवासीय कौशल प्रशिक्षण

**सिरसा।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय एससी/एसटी हब तथा एम/ओ एमएसएमई की ओर से वर्ष 2026 के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं के लिए निःशुल्क रोजगारोन्मुख आवासीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जूनियर टेक्नीशियन-कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा।

## निर्धारित समयावधि में समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें : डॉ. विवेक भारती

# डीसी ने सुनी शिकायतें, बच्चे को तुरंत एसएलसी देने के दिए निर्देश

■ समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्या सुनते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

वीरवार को फतेहाबाद में आयोजित समाधान शिविर में डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे डीसी के समक्ष रखीं।

ढिंगसरा निवासी भगवान सिंह की बिजली बिल में तकनीकी दिक्कत की समस्या पर डीसी डॉ. विवेक भारती ने डीएचबीवीएन के अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी तरह एक अन्य शिकायत पर शिकायतकर्ता के बच्चे का स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट न मिलने की शिकायत पर जिला मौलिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनको अविलंब एसएलसी दिलवाई जाए। डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आई शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें तथा मामले में की गई कार्रवाई से शिकायतकर्ता को भी अवगत कराया जाए।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्याय के साथ समावेशी विकास एवं सुशासन के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। सरकार की नीतियों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से लोगों की शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निवारण सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से अध्ययन कर उसका समयबद्ध समाधान किया जाए, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो सके।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीएमसी प्रवीण कुमार, जिला वन अधिकारी राजेश लीलड़, जिला रोजगार अधिकारी राजेश कुमार, जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला, जिला खेल अधिकारी विष्णुदास, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग, एलडीएम लहरीमल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज डायरी

### श्री श्याम सेवा मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित विक्रम प्रभाकर बने संयोजक

**टोहाना।** शहर के भूना रोड स्थित आदर्श कॉलोनी में वीरवार को श्री श्याम सेवा मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कोषाध्यक्ष दलीप सैन ने बताया कि इसमें एडवोकेट विक्रम प्रभाकर को संयोजक और प्रेम प्रकाश शास्त्री को संरक्षक नियुक्त किया गया। वहीं रमेश गुप्ता को प्रधान, नंद किशोर को उपप्रधान और जितेंद्र बंसल को वरिष्ठ उपप्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। महावीर बंसल को सचिव, अमित बंसल को सह सचिव, दिलीप सैन कोषाध्यक्ष, बजरंग गर्ग को सलाहकार और राजमल को वरिष्ठ सलाहकार बनाया गया। संजय गुप्ता को ऑडिटर, रविंद्र कुमार को प्रचार मंत्री और मनीष मोदी को केयर टेकर नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जगरूप पातलान, रामदेव भारद्वाज, जयभगवान भारद्वाज, सुरेंद्र गोयल, सुरेश प्रजापत, मग्नू शर्मा, सुरेंद्र कुमार, अशोक सिंगला, रामेहर, राजकुमार गर्ग बॉबी, सन्नी बंसल, बलवान शास्त्री, महेंद्र जांगड़ा, विरेंद्र कौशल, गुरदीप सिंह बिट्टू, रवि कुमार, मोनू शर्मा, सोनू शर्मा, रिक्कू बंसल, अनिल शास्त्री, चंद्रभान मिस्त्री, सुरेंद्र प्रजापत और विक्की सुलेहड़ा को शामिल किया गया। प्रधान राजीव, संरक्षक प्रेम प्रकाश शास्त्री और दिलीप सेन ने कहा कि मंदिर को भव्य तरीके से बनाया जाएगा जिसमें शहरवासियों से सहयोग की अपील करते है।



### अटल टिकरिंग लैब के संचालन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**फतेहाबाद।** भारत सरकार के अटल इनोवेशन मिशन एवं शिक्षा निदेशालय, पंचकूला के तहत स्थापित अटल टिकरिंग लैब के प्रभावी संचालन एवं बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के चयनित विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण गवर्मेंट आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल कन्हड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोहाना मंडी में प्राचार्यों एवं विद्यालयों के अटल टिकरिंग लैब नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया। गर्वमेंट आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कन्हड़ी के पीजीटी फिजिक्स एवं मास्टर ट्रेनर मुकेश इंदोरा ने प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया कि अटल टिकरिंग लैब का उद्देश्य कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता तथा समस्या-समाधान की क्षमता का विकास करना है।

### ऑनलाइन प्रलोभन देने वालों से रहें सावधान : एसपी



**सिरसा।** डिजिटल दौर में बच्चों का इंटरनेट और स्मार्टफोन से जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर ठग भी बच्चों को ऑनलाइन गेम, फर्जी ऑफर, इनाम और आकर्षक लिंक का लालच देकर अपना निशाना बना रहे हैं। इस खतरे को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने विशेष एडवाजरी जारी कर अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नियमित नजर रखें और उन्हें इंटरनेट सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के समय में बच्चों को इंटरनेट से पूरी तरह दूर रखना संभव नहीं है। स्कूल की पढ़ाई, ऑनलाइन क्लास, प्रोजेक्ट, गेमिंग और सोशल मीडिया के कारण बच्चे लंबे समय तक मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग कर रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे यह जानें कि उनके बच्चे इंटरनेट पर क्या देख रहे हैं और किन वेबसाइटों या एप्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का अनियंत्रित उपयोग कई तरह के खतरे पैदा कर रहा है। साइबर बुलिंग, फर्जी प्रोफाइल, ऑनलाइन ठगी, आपत्तिजनक सामग्री और अनजान लोगों से संपर्क जैसी गतिविधियां बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।




### स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए सभी वर्गों से सहयोग जरूरी: डीएमसी

**सिरसा।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत स्वच्छता से स्वागत अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से वीरवार को पंचायत भवन के सभागार में वार्ड समिति सदस्यों, वार्ड पार्षदों, प्लास्टिक एवं डिस्पोजेबल आइटम के थोक विक्रेताओं, रेहड़ी यूनियन के प्रतिनिधियों, मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सरकारी एवं निजी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर परिषद सिरसा के चेयरमैन शांति स्वरूप, जिला नगर आयुक्त सुरेंद्र बैनीवाल, सीएमजीजीए पुरु रोहिल्ला, ईओ एमसी सुमन लता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अहमः संतोष बागोतिया

**सिरसा।** एडीआर सेंटर में "स्वस्थ बच्चा, मजबूत राष्ट्र -कुपोषण का उन्मूलन - कुपोषण के खिलाफ अभियान" विषय पर आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने बताया कि कार्यशाला में डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल केएस गिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देविंदर कौर तथा पैनल अधिवक्ता बलबीर कौर गांधी ने आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को बच्चों में कुपोषण की रोकथाम और संतुलित पोषण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## क्लब ने ब्रह्माकुमारी आश्रम में लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारी आश्रम परिसर में विभिन्न प्रकार के फूलों एवं फलों के पौधों का रोपण किया गया। संस्था के अध्यक्ष विनोद अरोड़ा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से क्लब द्वारा शहर के डिवाइडरों, सार्वजनिक पार्कों, विभिन्न संस्थानों के उद्यानों तथा संस्था द्वारा स्थापित हर्बल पार्कों में मानसून सत्र के दौरान लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में पौधे जल्दी जड़ पकड़ लेते हैं, जिससे उनके जीवित रहने की संभावना अधिक होती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस मानसून में अपने घरों, मोहल्लों और आसपास के क्षेत्रों में अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ, हरित और सुंदर बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी आश्रम की केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी संगीता बहन ने सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरित किया तथा सभी के सुख, शांति और मंगलमय जीवन की कामना की।

### वालीबॉल नर्सरी कागदाना को भेंट की 60 खेल किट



**चोपटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कागदाना की वालीबॉल नर्सरी में खेल प्रतिभाओं के उत्साहवर्धन के लिए भव्य खेल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया।अध्यापक अजय नेहरा ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी भट्टू कलां ओमप्रकाश टोक्सिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर गांव के युवा समाजसेवी रमन बेनीवाल के प्रतिष्ठान दी कागदाना श्री बालाजी क्रिएटिव मल्टीपर्पज सोसायटी लिमिटेड द्वारा वॉलीबॉल नर्सरी की सभी खिलाड़ी छात्राओं को 60 बॉलीबॉल खेल किट भेंट की गईं। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश टोक्सिया ने कहा कि ग्रामीण अंचल की बेटियां खेलों में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, नियमित अभ्यास और मेहनत के साथ आगे बढने का आह्वान किया। उन्होंने समाजसेवी रमन बेनीवाल के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में उनका योगदान अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है।

### डॉ. राखी पुरी उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित




**सिरसा।** जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. राखी पुरी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के समारोह में सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन मुरारी बंसल ने बताया कि विद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है। उन्होंने बताया कि महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, अयोध्या में इंटरनेशनल यूनाइटेड एजुकेशनिस्ट्स फ्रेटरनिटी द्वारा स्किल एजुकेशन का महाकुंभ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से 108 प्रिंसिपल्स एवं शिक्षा विशेषज्ञों ने भाग लेकर स्किल-बेस्ड एजुकेशन, नवाचार, नई शिक्षा नीति तथा शैक्षणिक नेतृत्व के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राखी पुरी को शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचारपूर्ण नेतृत्व तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अयोध्या के महापौर द्वारा सम्मानित किया गया।

## अनाज मंडी में संपन्न हुआ हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां



अनाज मंडी में वीरवार को आढ़ती एसोसिएशन एवं राइस मिल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विधिवत हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापार, किसानों की समृद्धि, क्षेत्र की खुशहाली तथा उत्तम फसल की कामना की गई। रघुनाथ मंदिर के पुजारी एवं प्रख्यात वैदिक विद्वान पंडित शिवचंद त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अनुष्ठान संपन्न करवाया। इसके उपरांत श्रद्धालुओं को चावल एवं चने का प्रसाद वितरित किया गया। बाद में आयोजित विशाल लंगर में बड़ी संख्या में व्यापारियों, किसानों एवं क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन मनोज सचदेवा, मार्केट कमेटी चेयरमैन ललित मोहन पोपली, वाइस चेयरमैन स्वर्ण सिंह, बलवान जांगड़ा, महेश फुटेला, दीपू गाबा, सोम प्रकाश जैन, संदीप मित्तल, राजेंद्र डावर, संजय सिंगला, सुरेंद्र अरोड़ा, सुखविंदर बाजवा, रामचंद्र जुनेजा, मदन शर्मा, दलीप थाकन, विशु छाबड़ा, रमेश डावर, चंद्रभान कामरा, अमरजीत सिंह, कृष्ण कालड़ा, संजीव बठला तथा बलराज अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## स्पेशल पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

■ महाविद्यालयों को अंतिम रूप से भरी गई सीटों की रिपोर्ट 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय के कॉलेज शाखा कार्यालय में भेजनी होगी

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय से संबंधित सेल्फ फाइनेंसिंग शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित एमएड तथा एमएड स्पेशल (इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटी) पाठ्यक्रमों के शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। डीन ऑफ कॉलेजिज प्रोफेसर राम मेहर दीक्षित ने बताया कि प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार अभ्यर्थी 16 जुलाई से 10 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रथम मेरिट सूची 12 अगस्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। प्रथम मेरिट सूची के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 12 से 14 अगस्त तक संबंधित महाविद्यालयों में संपन्न होगी। द्वितीय मेरिट सूची 17 अगस्त को जारी की जाएगी तथा इसके चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन एवं प्रवेश शुल्क जमा करने की प्रक्रिया 17 से 19 अगस्त तक होगी। इसके उपरांत रिक्त सीटों का विवरण 20 अगस्त को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। यदि प्रथम एवं द्वितीय मेरिट सूची के बाद सीटें रिक्त रहती हैं तो 21 से 30 अगस्त तक संबंधित महाविद्यालयों द्वारा तृतीय चरण की फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। महाविद्यालयों को अंतिम रूप से भरी गई सीटों की रिपोर्ट 31 अगस्त तक विश्वविद्यालय के कॉलेज शाखा कार्यालय में भेजनी होगी।

### बिजली समस्या को लेकर एसई से मिले विधायक



**सिरसा।** कालांवाली हलके से दो बार के कांग्रेस विधायक शीशपाल केहरवाला ने वीरवार को अपने क्षेत्र की विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु अधीक्षण अभियंता, बिजली बोर्ड से उनके कार्यालय में मुलाकात की। विधायक शीशपाल केहरवाला दोपहर 12 बजे एसई कार्यालय में किसानों के साथ पहुंचे। उन्होंने एसई को बताया कि हलके में किसानों को बिजली संबंधी शिकायतों के चलते काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न तो किसानों को पूरी बिजली मिल रही है और न ही बिजली की सही वोल्टेज है जिसकी वजह से खेती कार्यों में किसानों को काफी असुविधा और असहज स्थितियों से दो ाचर होना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चौमासे के उमस भरे सीजन में पूरी बिजली न मिलने के कारण हालात और भी खराब हो रहे हैं। घरेलू उपभोक्ता भी बिजली संकट को लेकर काफी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने तमाम दिक्कतों को लेकर एसई को ज्ञापन भी सौंपा। अधीक्षण अभियंता ने विधायक व उनके साथ गए किसानों की बात को पूरी संजीदगी और धैर्य के साथ सुना और शीघ्र इनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में हलके के किसान भी मौजूद रहे।

## मोबाइल दुकानदार ने पेश की ईमानदारी की मिसाल, लौटाया एक लाख का आईफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

शहर के भगत सिंह चौक के एक मोबाइल दुकानदार ने ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का एक बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। एसोसिएशन के सदस्यों ने एक व्यक्ति का खोया हुआ करीब एक लाख रुपये कीमत का एप्पल आईफोन ढूंढकर उसके असली मालिक को वापस सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार एक दिन पहले गांव तामसपुरा के नंबरदार हैप्पी सिंह रतिया शहर आए थे, जहां भगत सिंह चौक के पास जेब में चढ़ते समय उनका आईफोन गिर गया था। यह फोन किसी अन्य व्यक्ति को मिल गया था। उस व्यक्ति ने फोन को बेचने के लिए भगत सिंह चौक वाली गली में स्थित सुरेश वाज कंपनी एंड मोबाइल सेंटर के दुकानदार सुरेश कुमार से संपर्क किया। परिस्थितियों को देखकर सुरेश कुमार को शक हुआ और सख्ती से पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने कबूला कि फोन उसे रास्ते में पड़ा मिला था।



रतिया। हैप्पी सिंह को मोबाइल लौटाते एसोसिएशन सदस्य।

### हैप्पी सिंह ने जताया आभार

दुकानदार सुरेश कुमार ने तुरंत इसकी सूचना एसोसिएशन के प्रधान रमन बलाना को दी। इसके बाद एसोसिएशन ने सोशल मीडिया और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर जानकारी साझा कर लगातार 4-5 दिनों तक पड़ताल की, जिससे पता चला कि फोन हैप्पी सिंह का है। एसोसिएशन के प्रधान रमन बलाना, सुरेश कुमार, गोल्डी मैहता, वरुण चिल्लाना, साहिल जसूजा और विक्की कक्कड़ सहित अन्य सदस्यों ने हैप्पी सिंह को बुलाकर उनका आईफोन सकुशल सौंप दिया। अपना कीमती फोन वापस पाकर हप्पी सिंह ने एसोसिएशन का आभार जताया।

## कार्यक्रम का आयोजन सीडीएलयू के टैगोर थियेटर में हुआ

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर गूंजा राष्ट्रभक्ति का स्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। नाटक की प्रस्तुति देते हुए कलाकार। फोटो: हरिभूमि

केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के स्वायत्तशासी संस्थान संगीत नाटक अकादमी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के अंतर्गत चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सहयोग से टैगोर थिएटर में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। इस मौके पर संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्षा डॉ. संध्या पुरेचा का संदेश ऑडियो के माध्यम से सुनाया गया, जिसमें वंदे मातरम की ऐतिहासिक विरासत और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में उसकी प्रेरणादायी भूमिका का उल्लेख किया गया। केएल थियेटर प्रोडक्शंस द्वारा नाटक निर्देशक रमन लढा के लेखन एवं निर्देशन में देशभक्ति पर आधारित नाटक में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद, लाला लाजपत राय, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां सहित अनेक क्रांतिकारियों के अदम्य साहस, त्याग और मातृभूमि के प्रति उनके सर्वोच्च समर्पण को अत्यंत मार्मिक एवं जीवंत शैली में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों के सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद, सजीव मंच-सज्जा, प्रकाश एवं संगीत संयोजन ने दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के उस दौर में पहुंचा दिया। कई भावनात्मक दृश्यों के दौरान पूरा सभागार तालियों की गडग़ड़ाहट और भारत माता की जय, इंकलाब जिंदाबाद तथा वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा।

### रंगमंच राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम : कुंडू

प्रो. सुरेंद्र सिंह कुंडू ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम भी है। शहीद जैसी प्रस्तुतियां युवाओं में देशभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति जागरूकता पैदा करती हैं। उन्होंने पूरी टीम को इस उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए हार्दिक बधाई दी। विशिष्ट अतिथियों डॉ. राजकुमार निजात एवं प्रो. श्याम लाल फुटेला ने भी प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों के जीवन से परिचित कराते हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने नाटक से जुड़े सभी कलाकारों एवं तकनीकी दल को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मेजर शक्तिराज, दलबीर सिंह, गार्गी सिंह, मदन वर्मा, सतीश कंदोई, डॉ. चंद्रवीर आर्य, डॉ. विनोद कुमार, विद्यार्थी, साहित्यकार, रंगकर्मी एवं बड़ी संख्या में कला-प्रेमी मौजूद थे। कार्यक्रम का मंच संचालन अमित लढा ने किया।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर: शर्मा

**सिरसा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने भाजपा सरकार पर युवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच चुकी है। रोजगार के अवसर लगातार कम होते जा रहे हैं, जिससे युवा वर्ग निराशा और हताशा का शिकार हो रहा है। शर्मा ने जारी बयान में कहा कि बेरोजगारी के कारण अनेक युवा गलत रास्तों की ओर बढने को मजबूर हैं और नशे तथा अपराध जैसी सामाजिक बुराइयों की गिरफ्त में जा रहे हैं, जो देश और समाज दोनों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### विप्र सेना 19 को मनाएगी स्थापना दिवस : ललित

**सिरसा।** विप्र सेना हरियाणा नव स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगी। विप्र सेना के प्रदेश अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जुलाई को विप्र सेना द्वारा 6 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में हर्षोल्लास से नव स्थापना दिवस को हरियाणा के सभी जिलों में धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस को संगठन की एकता, संगठन विस्तार, सेवा संस्कार और सामाजिक समर्पण के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय प्रमुख सुनील तिवाड़ी और राष्ट्रीयध्यक्ष सर्वेश शरण जोशी के दिशा-निर्देशन में पूरे देश में संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

### एसएस कॉलेज : बीएड का परिणाम शत प्रतिशत

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा द्वारा घोषित शैक्षणिक सत्र 2025-26 के बीएड द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणाम में शाह सतनाम जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन सिरसा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जबकि बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने मेरिट और प्रथम श्रेणी प्राप्त कर संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया। कॉलेज की छात्रा सिमरन ने 82.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्रीतम रानी ने 79.71 प्रतिशत, पारसी ने 79.57 प्रतिशत,मंजीत कौर ने 79.29 प्रतिशत तथा सुजल ने 78.14 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परीक्षा परिणाम में 67 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की।

## साइकिल और ई-स्कूटी से पर्यावरण का संदेश देंगे भाजपा कार्यकर्ता

# प्रधानमंत्री मोदी की जींद रैली का फतेहाबाद में होगा लाइव प्रसारण

- पीएम के कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा का फतेहाबाद में लाइव प्रसारण किया जाएगा। रैली के संबोधन को स्थानीय स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन और भारतीय जनता पार्टी द्वारा फतेहाबाद के डीपीआरसी हॉल में लाइव प्रसारण की तैयारियां की गई हैं। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रैली की रूपरेखा और कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां तय करने के लिए भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा की अध्यक्षता में सांगठनिक बैठक बुलाई गई।

इस बार भाजपा ने इस राजनीतिक आयोजन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए इको-फ्रेंडली स्वरूप देने का फैसला किया है। जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी ने बताया कि प्रदूषण मुक्त परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष रणनीति बनाई गई है। इसके तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अनाज मंडी शेड के नीचे एकत्र होकर साइकिल रैली के रूप में डीपीआरसी हॉल पहुंचेंगे। वहीं, भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता पर्यावरण जागरूकता का जिम्मा संभालते हुए नगर परिषद परिसर से इलेक्ट्रिक स्कूटी के काफिले के साथ कार्यक्रम स्थल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी।



फतेहाबाद। बैठक को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

### सीडीएलयू में भी होगा कार्यक्रम

**सिरसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 17 जुलाई को जींद-सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर जींद में 17 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम का सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट और भाजपा जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा भी मौजूद रहे। एडीसी अर्पित संगल ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रातः 09 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों की भागीदारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि उपस्थित लोग प्रधानमंत्री के संबोधन और कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुचारू रूप से देख सकें।



फतेहाबाद। स्वच्छता ही स्वागत' अभियान के तहत झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश देते सांसद सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

## 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान में सांसद ने झाड़ू लगाकर दिया संदेश

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा आगमन के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे 'स्वच्छता ही स्वागत' अभियान के तहत गुरुवार को टोहाना के भाटिया धर्मशाला रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों, सामाजिक संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर बराला ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प ले। सांसद ने कहा कि 13 से 17 जुलाई तक पूरे हरियाणा में संचालित यह विशेष अभियान प्रधानमंत्री के 'स्वच्छ भारत' के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता पैदा करना है।



फतेहाबाद। जनसम्पर्क अभियान के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते मैकेनिकल यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

## मैकेनिकल कर्मचारी मंत्री के कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

- मांगें पूरी न होने पर कर्मचारियों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्लूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने 18 जुलाई को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित कैम्प कार्यालय पर होने वाले विशाल प्रदर्शन को लेकर अपनी तैयारियां पूरी तरह तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में वीरवार को यूनियन की जिला इकाई और विभिन्न शाखाओं ने संयुक्त रूप से फतेहाबाद, टोहाना और भूना क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने फील्ड में जाकर कर्मचारियों से संवाद किया और आंदोलन में बढ़-चढक़र भाग लेने का आह्वान किया।

सम्पर्क अभियान के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते हुए राज्य संगठन सचिव कृष्ण चमारखेड़ा, जिला चेयरमैन राजेश सोनी, जिला प्रधान सुरजीत पाबड़ा और जिला सचिव सन्दीप बैजलपुर ने सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि साल 2025 में मन्त्री रणबीर गंगवा के साथ हुई उच्च स्तरीय वार्ता में कर्मचारियों की जायज मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई करने का ठोस आश्वासन दिया गया था। लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी उन मांगों को अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। सरकार के इस टालमटोल वाले रवैये के कारण आज प्रदेश के कर्मचारियों में भारी रोष और निराशा का माहौल है। अभियान के दौरान चेयरमैन इन्द्र सिंह घासी, जिला कोषाध्यक्ष मनदीप ढिल्लों, उप प्रधान बलकार सिंह, ऑडिटर राजीव बैनीवाल सहित विभिन्न ब्रांचों के प्रधानों व पदाधिकारियों वकील सिंह, सीताराम, रमेश ढाका, संजय पुनिया, संदीप खान, जरनेल सिंह, प्रीतम जांगड़ा, बलजीत किरमारा सहित अन्य शामिल रहे।

### हिसार पहुंचेंगे

नेताओं ने साफ शब्दों में कहा कि हक की लड़ाई के लिए अब सडक़ों पर उतरने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपनी मांगों को मनवाने के लिए 18 जुलाई को भारी संख्या में हिसार कैम्प कार्यालय पहुंचें और इस प्रदर्शन को ऐतिहासिक बनाएं।

## हेरोइन के साथ रंगे हाथों पकड़ा गया आरोपी, दो मुख्य सप्लायर भी दबोचे

- ड्रग को लेकर पुलिस चला रही विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखल पुलिस ने न केवल हेरोइन के साथ एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया, बल्कि इस नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ते हुए हेरोइन सप्लाई करने वाले दो अन्य सप्लायरों को भी दबोच लिया। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी अपने कब्जे में ले लिया है। थाना जाखल प्रभारी पीएसआई संजय कुमार ने बताया कि 14 जुलाई की रात पुलिस टीम गश्त और अपराध रोकथाम ड्यूटी के तहत बस अड्डा जाखल के पास मुस्तैद थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक वहां से गुजरा। सामने पुलिस टीम को देखकर वह घबरा गया और मोटरसाइकिल मोडक़र भागने का प्रयास करने लगा। युवक की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर पुलिस टीम ने तत्परता से उसे घेराबंदी कर काबू कर लिया। पकड़े गए युवक की पहचान नई जाखल मंडी निवासी आकाशदीप उर्फ विक्की के रूप में हुई। जब उसकी तलाशी ली गई, तो उसकी जेब से 7.43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत नशीला पदार्थ और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद जब आरोपी आकाशदीप उर्फ विक्की से पूछताछ की गई, तो उसने इस काले कारोबार के नेटवर्क का खुलासा किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मामले को आगे बढ़ाते हुए हेरोइन की खेप उपलब्ध कराने वाले दो सप्लायरों नई मंडी, जाखल निवासी वनीत शर्मा उर्फ टिंकू और बाबा बूटा शाह बस्ती, टोहाना निवासी रिंकू को भी गिरफ्तार कर लिया।

## आशा वर्कर्स ने चौपटा में मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, चिकित्सा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

- मानदेय समय पर न मिलने पर जताई नाराजगी, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चौपटा

अपनी मांगों को लेकर को नाथूसरी चौपटा क्षेत्र की आशा वर्करों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदर्शन कर चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। आशा वर्कर यूनियन की पूर्व प्रधान कलावती माखोसरानी, उप प्रधान रेखा डिंग, रोशनी दड़बा कंला, ममता जमाल, विद्या, कांता, सुलोचना, शिमला रानी, उषा रानी, प्रमिला, सुरतां, सनीता सावित्री, किरण बाला, सरोज, किरण, पुनम, निर्मला, सिमा, माया, गायत्री, पायल, कृष्णा सोमा रानी, बबीता शिलू रानी, राजबाला, मंजू, सरला देवी, विरवती, राजपती, नीतू तारा देवी ने चिकित्सा अथिकारी डा. सुरेखा, डां संदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा। आशा वर्करों की मांग है कि उनका मानदेय एक निश्चित समय सीमा को मिलना चाहिए और कई




सिरसा। नाथूसरी चोपटा में रोष प्रदर्शन करती आशा वर्कर।

### भुगतान जीरो

उन्होंने बताया की मार्च-अप्रैल में 6 आशा वर्कर का मानदेय नहीं आया उसका कारण बताया जाए। जेएसवाई स्कीम के तहत चौपटा क्षेत्र का भुगतान जीरो है। ब्लॉक स्तर की कमेटी के साथ कम से कम 3 माह में बैठक करना सुनिश्चित करे। स्क्रीनिंग करने के लिए कैंप लगाएं जाए। ऑनलाइन काम के लिए दवाब न बनाया जाए। एएनसी की पूरी जांच सीएचसी व पीएचसी स्तर पर की जाए। जेएसवाई डिलीवरी के कागज जमा करवाने के बाद आशा को डिलीवरी की पेमेंट दी जाए।

आशा वर्कर का मानदेय बिना कारण के रोक दिया जाता है।

## रिश्वत मामले में निलंबित रतिया पार्षद को राहत, सरकार ने बहाल किया पद



पार्षद विजय कुमार

- एसीबी केस में न गिरफ्तारी हुई, न चालान पेश; सुनवाई के बाद

**रतिया।** हरियाणा सरकार ने रतिया नगर पालिका के वार्ड नंबर-11 से पार्षद विजय कुमार को बड़ी राहत देते हुए उनका निलंबन आदेश रद्द कर दिया है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं लिंक अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। सरकार ने माना कि पहले जारी किया गया निलंबन आदेश पर्याप्त कारणों और स्पष्ट आधारों के बिना पारित किया गया था, इसलिए उसे निरस्त किया जाता है।

विजय कुमार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) हिसार में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि उन्होंने एक व्यक्ति से नो ड्यूज सर्टिफिकेट (एनडीसी) जारी करने के बदले 28 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी और 20 हजार रुपए गूगल-पे के माध्यम से प्राप्त किए थे। मामले के आधार पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग के महानिदेशक ने 20 मार्च 2026 को उन्हें निलंबित कर दिया था।

### राजनीतिक द्वेष में फंसाने का लगाया आरोप

निलंबन के खिलाफ विजय कुमार ने 24 मार्च 2026 को सरकार के समक्ष अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान उनके वकील ने दलील दी कि पार्षद को राजनीतिक कारणों से झूठा फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में न तो विजय कुमार की गिरफ्तारी हुई है और न ही एसीबी ने अब तक अदालत में चालान पेश किया है। ऐसे में केवल एफआईआर के आधार पर लंबे समय तक निलंबन उचित नहीं माना जा सकता।

## बिजली संकट को लेकर सांसद सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

- कालांवाली की मुख्य विद्युत लाइन की समस्या के स्थायी समाधान की मांग

**सिरसा।** सांसद कुमारी सैलजा ने कालांवाली शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार बनी हुई विद्युत संकट की समस्या को गंभीर जनहित का विषय बताते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। पत्र में कुमारी सैलजा ने कहा है कि चोरमार से कालांवाली आने वाली मुख्य विद्युत लाइन में बार-बार तकनीकी खराबियां आने के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति लगातार बाधित हो रही है। इससे आम नागरिकों, व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों, स्वास्थ्य संस्थानों, लघु उद्योगों तथा अन्य आवश्यक सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। भीषण गर्मी के मौसम में यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि संबंधित विभाग को तत्काल निर्देश देकर मुख्य विद्युत लाइन का तकनीकी परीक्षण, आवश्यक उन्नयन, क्षमता वृद्धि, मरम्मत तथा आवश्यकता पडऩे पर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए ताकि कालांवाली एवं आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बार-बार होने वाली बिजली कटौती से स्थायी राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इस विषय का शीघ्र समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

## सिंचाई को लेकर विवाद में किसान पर चाकुओं से हमला, मेडिकल कॉलेज रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

क्षेत्र के गांव ढाबी खुर्द में खेत में सिंचाई कर रहे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। हमले में युवक के सिर, बाएं हाथ और पेट पर गंभीर चोटें आई हैं। घायल को पहले भट्टू कलां सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। एसएचओ रणधीर सिंह के अनुसार, फिलहाल पुलिस ने घायल के बयान के आधार पर दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस को दिए बयान में गांव ढाबी खुर्द निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह चौथे हिस्से पर खेती करता है। 13 जुलाई को उसकी खेत में पानी लगाने की बारी थी। वह कृष्ण के साथ खेत में सिंचाई कर रहा था। वह नहर के मोगे को संभालकर वापस खेत की ओर लौट रहा था। रास्ते में खाल में लगे प्लास्टिक के ढक्कन के पास पानी बहता देख वह कस्सी से वहां मिट्टी डालने लगा। आरोप है कि तभी गांव के मनीष और सुरेश उर्फ बेदी वहां पहुंचे। सुरेश ने उसे पकड़ लिया, जिससे उसके हाथ में पकड़ी कस्सी टूट गई और वह नीचे गिर पड़ा। इसके बाद मनीष ने चाकू से उसके सिर, बाएं हाथ और पेट पर कई वार कर दिए। घायल का आरोप है कि इस दौरान सुरेश ने मनीष से कहा कि इसे गोली मार दो, जिस पर मनीष ने जवाब दिया कि उसके पास पिस्तौल नहीं है। विनोद ने बताया कि उसके शोर मचाने पर पास में मौजूद कृष्ण मौके पर पहुंच गया। उसे आता देख दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बाद में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले मनीष बिना बताए उसके घर आ गया था। उसने उसे भविष्य में घर नहीं आने की बात कही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उस पर हमला किया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

## भट्टू मंडी पहुंची नशामुक्ति टीम, 6 नए ड्रग पीड़ित चिन्हित, काउंसलिंग के साथ बताए नशे के दुष्प्रभाव

**फतेहाबाद।** जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत नशे के खिलाफ अभियान लगातार प्रभावी ढंग से जारी है। इसी क्रम में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोडऩे तथा समाज की मुख्यधारा में वापस लाने के उद्देश्य से व्यापक जनजागरूकता एवं काउंसलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम ने भट्टू मंडी क्षेत्र में अभियान चलाकर 06 नए ड्रग पीड़ितों की पहचान की। टीम ने सभी पीड़ितों की विस्तार से काउंसलिंग करते हुए उन्हें नशे के दुष्प्रभावों, परिवार एवं समाज पर पडऩे वाले इसके गंभीर परिणामों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्हें नशा छोडऩे के लिए प्रेरित करते हुए उपचार की आवश्यकता के बारे में समझाया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## सेप्टीसीमिक शॉक और गैंग्रीन से जूझ रही थीं शांति देवी

# डॉ. सिवाच ने जोखिमभरी सर्जरी कर बुजुर्ग को दिया नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हिसार और जयपुर के बड़े अस्पतालों में इलाज के बावजूद जब 75 वर्षीय शांति देवी के बचने की उम्मीद लगभग खत्म हो गई और परिवार करीब 14 लाख रुपए खर्च करने के बाद भी निराश होकर उन्हें घर ले जाने की तैयारी कर चुका था, तभी फतेहाबाद के सिवाच मैटरनिटी एवं सर्जिकल अस्पताल में उम्मीद की नई किरण मिली। अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ. वीरेन्द्र सिवाच और उनकी टीम ने अत्यंत जोखिमपूर्ण सर्जरी कर शांति देवी को नया जीवन दिया। आज करीब डेढ़ वर्ष बाद वे पूरी तरह स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी रही हैं। जनवरी 2025 में शांति देवी को गंभीर अवस्था में सिवाच अस्पताल लाया गया था। वे सेप्टीसीमिक शॉक से पीड़ित थीं। उनका पित्ताशय पूरी तरह गैंग्रीन में बदल चुका था और संक्रमण पूरे शरीर में फैल गया था। संक्रमण का असर शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों तक पहुंच चुका था, जिससे उनकी जान बचने की संभावना बेहद कम मानी जा रही थी।

परिजनों ने बताया कि सबसे पहले उनका इलाज हिसार के एक प्रतिष्ठित निजी अस्पताल में कराया गया। वहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए जयपुर के एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल रेफर किया गया। कई दिनों तक इलाज चला और करीब 14 लाख रुपए खर्च हुए, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं आया।



फतेहाबाद। 76 वर्षीय शांति देवी के साथ डॉ. विरेन्द्र सिवाच।

### आईसीयू में लगातार निगरानी

वरिष्ठ सर्जन डॉ. वीरेन्द्र सिवाच ने मरीज की स्थिति का गहन परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि अधिक उम्र, पूरे शरीर में फैले संक्रमण और कई अंगों के प्रभावित होने के कारण यह ऑपरेशन बेहद चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं, सटीक योजना और अनुभवी टीम की मदद से सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में लगातार निगरानी में रखा गया।

### हाई-रिस्क सर्जरी

डॉ. वीरेन्द्र सिवाच ने बताया कि सिवाच मैटरनिटी एवं सर्जिकल अस्पताल पिछले 35 वर्षों से फतेहाबाद और आसपास के क्षेत्रों में जटिल एवं हाई-रिस्क सर्जरी कर रहा है। इस दौरान ऐसे अनेक मरीजों का सफल उपचार किया गया है, जिन्हें विभिन्न बड़े अस्पतालों से गंभीर या लगभग असंभव मानकर रेफर किया गया था। उन्होंने कहा कि अनुभव, आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित टीम और मरीज के प्रति समर्पण ही अस्पताल की सबसे बड़ी ताकत है।